स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रायगढ़-जशपुर भूमि

हरिभूमि | बिलासपुर, शनिवार 15 अगस्त 2026

खबर संक्षेप

रायगढ़ में 24 से 48 घंटे सतर्क रहने की चेतावनी

रायगढ़। जिले में एक बार फिर मौसम का मिजाज बिगड़ने वाला है। मौसम विभाग ने अगले 24 से 48 घंटे के दौरान रायगढ़ में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान जिले के एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ तेज बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम बंगाल के आसपास बना लो-प्रेशर एरिया शुक्रवार को और अधिक सक्रिय होकर डिप्रेशन में तब्दील हो गया है। इसके प्रभाव से छत्तीसगढ़ के कई जिलों में बारिश की गतिविधियां बढ़ने की संभावना है। रायगढ़ भी इससे प्रभावित जिलों में शामिल है। भारी बारिश के दौरान रायगढ़ शहर सहित जिले के निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन सकती है। लगातार बारिश होने पर खेतों में पानी भरने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन प्रभावित हो सकता है।

स्वतंत्रता दौड़ ने दिया राष्ट्रप्रेम का संदेश

रायगढ़। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया। बोईरदादर स्टेडियम से सुबह 8 बजे सहायक कलेक्टर गोकुल आरके एवं एडीएम अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने हरी झंडी दिखाकर स्वतंत्रता दौड़ को रवाना किया। देशभक्ति के नारों के बीच बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों, नागरिकों और अधिकारी कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक दौड़ में सहभागिता की। स्वतंत्रता दौड़ में शामिल प्रतिभागी बोईरदादर स्टेडियम से चक्रधर चौक एवं सिग्नल चौक होते हुए वापस स्टेडियम पहुंचे, जहां दौड़ का समापन हुआ। पूरे मार्ग में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिखाई दिया। पुलिस एवं यातायात व्यवस्था से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों, एनसीसी कैडेट्स तथा माय भारत के प्रतिभागियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सहायक कलेक्टर गोकुल आरके ने कहा कि स्वतंत्रता दौड़ देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता के साथ स्वास्थ्य एवं फिटनेस का संदेश भी देती है।

ऐसे घरों में बैठक करते थे जहां किसी की नहीं पड़ती थी नजर, यहां की मिट्टी में रची-बसी है स्वतंत्रता की खुशबू

आजादी के दीवानों की बस्ती है 'पुरानी बस्ती', गुलामी की जंजीर तोड़ने ट्रेनों में फेंकते थे हाथों से लिखे पॉम्पलेट

खास बात

- इस बस्ती के दर्जन भर से अधिक नौजवानों ने आजादी में निभाई थी अहम भूमिका, भारत छोड़ो आंदोलन से लेकर गोवा जेल भरो आंदोलन में हुए थे शरीक
- ट्रेनों में चोरी-छिपे फेंका करते थे पॉम्पलेट, बिना संसाधन तैयार करते थे बैनर-पोस्टर, हर रात करते थे गुपचुप मिटिंग







हरिभूमि न्यूज ⏭ स्वतंत्र महंत

अलग खबर

तेरी मिट्टी में मिल जांवां, गुल बनके मैं खिल जांवां, इतनी सी है दिल की आरजू..... मातृभूमि के पावन माटी की इसी सौंधी खुशबू से आज भी महक उठता है रायगढ़ की पुरानी बस्ती का कोना-कोना। वजह यहां की बस्ती में सदियों पुरानी गुलामी की जंजीरों को तोड़ने और अंग्रेजी शासन के खिलाफ बढ़-चढ़कर लोहा लेने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से रचा-बसा है।

इस पुरानी बस्ती का उजला इतिहास है, यहां की वीर धरा ने जने थे एक-दो नहीं बल्कि दर्जन भर से अधिक आजादी के दीवाने, जिन्होंने तन-मन-धन से स्वतंत्रता संग्राम में अपनी महती भूमिका से भारत माता के भाल पर लगाया था विजयश्री का तिलक। आज पूरा देश आजादी की 80 वां स्वतंत्रता दिवस के जश्न में डूबा है। इस आजादी के लिए पुरानी बस्ती के अलग-अलग घरों में रहने वाले नौजवानों ने अलग-अलग समय में देश को आजाद कराने में महती भूमिका निभाई । कोई भारत छोड़ो आंदोलन में शामिल हुआ तो कोई गोवा के जेल भरो आंदोलन में शरीक हुए। ये लोग आजादी के लिए लोगों को जागरुक करने रेल में चोरी-छिपे हाथों से लिखे पॉम्पलेट फेंका करते थे, बिना संसाधन बैनर-पोस्टर तैयार करते थे। रणनीति बनाने के लिए किसी ऐसे घर में बैठक करते थे जहां किसी की नजर न पड़े। पूरी रणनीति गोपनीय तरीके से बनाते थे और उनके द्वारा उसे पूरा किया जाता था। सबकी अलग-अलग भूमिका रहती थी जिसे पूरा करने के लिए वे अपनी जान न्यौछावर करने से भी नहीं घबराते थे। आजादी के इन दीवानों में रामकुमार अग्रवाल, किशोरी मोहन त्रिपाठी, दयाराम ठेठवार, तोड़ा राम जोगी, ब्रजभूषण शर्मा, हरिचरण साव, हुलास राम मिश्रा, मनोहर मिश्रा, दुलीचंद शर्मा, बैजनाथ मोदी, सिद्धेश्वर गुरु, हरीकिशन लटेरिया, अमरनाथ तिवारी समेत ऐसे दर्जनों नाम शामिल हैं जो इस देश को आजादी दिलाने के लिए अपनी जान की परवाह नहीं की। कुछ नाम और भी हो सकते हैं, जिनकी जानकारी हमें नहीं मिल पाई, क्योंकि अब इस बस्ती में उस दौर का कोई व्यक्ति नहीं है। आज इनमें से कोई आजादी के इस जश्न को मनाने के लिए हमारे बीच मौजूद नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा हमें दिलाई गई आजादी की महक यहां के हर नागरिक के रगों में रचा-बसा है।

समाज सेवा की मिसाल भी बने

आजादी के इन दीवानों में आजादी के बाद कोई सांसद बना तो कोई विधायक और जो राजनीति में नहीं आए वह भी किसी न किसी रुप में समाज सेवा जीवंत पर्यन्त तक करते रहे। याने आजादी के बाद भी वे समाज सेवा के मिसाल बने। स्वतंत्रता आंदोलनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की वजह से उनको याद तो किया जाता ही है। सामाजिक कार्यों में भी निभाई गई भूमिका उनकी उपस्थिति का एहसास कराता है।

स्टेशन नजदीक, इसलिए नटवर स्कूल में बैठक

उस दौर में स्टेशन के नजदीक होने की वजह से आजादी के इन दीवानों की बैठक नटवर स्कूल में होती थी। यहां से स्टेशन पास था इसलिए कोई भी ट्रेन आती थी तो उसकी आवाज से सभी पहुंच जाते थे। चूंकि पॉम्पलेट ट्रेन के भीतर बैठे यात्रियों तक पहुंचाना होता था। ऐसे में अलग-अलग बोगी में अलग-अलग लोगों को भेजा जाता था। सभी लोग हाथों से लिखे पॉम्पलेट को फेंक कर आते थे। वह दौर कलम-दवात का था।

ऐसी ही नहीं है पुरानी बस्ती

रियासत कॉल से ही सिटी कोतवाली से लेकर राजापारा, चांदनी चौक, धोबीपारा, सोनारपारा, ठेठवार पारा, बहिदार पारा, लाल टंकी समेत नया गंज, समलेश्वरी मंदिर तक पुरानी बस्ती का ही हिस्सा था। पुरानी बस्ती की सौंधी महक में आजादी के दीवाने तो रहते ही थे, इस बस्ती से जज, डॉक्टर, वकील और अन्य बड़े प्रशासनिक अधिकारी भी निकले हैं जो अलग-अलग क्षेत्रों में आज भी देश की सेवा कर रहे हैं। दूसरी ओर पुरानी बस्ती आज भी वही पुरानी बस्ती ही है।

सिंदूर पार्क में वंदे मातरम पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र

रायगढ़। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा सिंदूर पार्क में 13 से 15 अगस्त तक तीन दिवसीय विशेष छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी में हर घर तिरंगा, वंदे मातरम एवं भारत विभाजन की विभीषिका स्मरण दिवस की थीम पर आधारित छायाचित्रों एवं महत्वपूर्ण जानकारियों को प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी के माध्यम से देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और स्वतंत्रता संग्राम के गौरवपूर्ण इतिहास के प्रति नागरिकों में



जागरूकता और सम्मान की भावना को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदर्शनी में लगाया गया हर घर तिरंगा सेल्फी बूथ लोगों के विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। बड़ी संख्या में नागरिक और युवा तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर स्वतंत्रता दिवस के उत्सव में अपनी भागीदारी दर्ज करा रहे हैं। वहीं हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से नागरिक देशभक्ति से जुड़े नारे और संदेश लिखकर राष्ट्रप्रेम की भावना व्यक्त कर रहे हैं। प्रदर्शनी स्थल पर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विभिन्न विकास कार्यक्रमों की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने के लिए मासिक पत्रिका जनमन तथा विभिन्न योजनाओं पर आधारित ब्रोशर का वितरण भी किया जा रहा है।


सरिया में निकाली गई तिरंगा यात्रा, सैकड़ों लोग हुए शामिल

सरिया। अतिरिक्त कलेक्टर एवं जनपद पंचायत बरमकेला सीईओ शिक्षा शर्मा की मौजूदगी में सैकड़ों नागरिकों के साथ हर घर तिरंगा, हर दिल भारत का संदेश देती यात्रा नगर पंचायत अटल चौक सरिया से निकालकर नगर पंचायत परिसर पहुंची।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया में 80 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में गुरुवार को सरिया में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गई। दोपहर 3बजे अटल चौक सरिया से शुरू हुई यात्रा में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक



अधिकारियों, विद्यार्थियों, युवाओं, समाज सेवियों और विभिन्न संगठनों के साथ बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयकारों से नगर गूंजता रहा। लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति का संदेश दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने कहा कि तिरंगा भारत की शान है। आजादी और तिरंगे के लिए देश के अनेक वीरों ने बलिदान दिया है।



साइबर ठगों के नए जाल से सीआईएसएफ जवानों को किया अलर्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

साइबर अपराध के बढ़ते मामलों के बीच रायगढ़ पुलिस ने तिलाईपाली स्थित सीआईएसएफ कैंप में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर जवानों और अधिकारियों को ऑनलाइन ठगी के बदलते तरीकों की जानकारी दी। थाना घरघोड़ा पुलिस की ओर से आयोजित कार्यक्रम में साइबर अपराधियों द्वारा अपना, जा रहे फर्जी के वाई सीओटीपी यूपीआई फ्रॉड से लेकर डिजिटल अरेस्ट जैसे तरीकों के बारे में विस्तार से समझाया गया। ⏭शेष 8 पर

आईटीआई में विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश का अवसर

रायगढ़। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में सत्र 2026 के लिए विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है। इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित अवधि में ऑनलाइन आवेदन कर औद्योगिक प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगारपरक कौशल हासिल करने का अवसर प्राप्त कर सकते हैं। .16 से 18 अगस्त तक आवेदन किया जा सकता है। संस्था में विद्युतकार, फिटर, टर्नर, मोटर मैकेनिक, मशीनिष्ट, वायरमेन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, वेल्डर, फाउण्ड्रीमेन, वुड वर्क टेक्निशियन, सेक्रेटियल प्रेक्टिस अंग्रेजी, फिजियोथेरेपी टेक्निशियन, आरएसी, ड्राइवर कम मैकेनिक, कोपा तथा असिस्टेंट टेक्निशियन ड्राई वॉल एंड फॉल सीलिंग सहित विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश दिया जाएगा।

आदिवासी अस्मिता का इस्तेमाल न करें भूपेशः राठिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



पूर्व मुख्यमंत्री के बयान पर सांसद का पलटवार

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा दिए गए बयान पर रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया ने पलटवार करते हुए कहा कि जिनके अपने कार्यकाल का इतिहास घोटालों से भरा हो, उन्हें दूसरों पर उंगली उठाने से पहले आईना देखना चाहिए।

सांसद राठिया ने कहा कि आजादी के बाद छत्तीसगढ़ में ऐसा पहला मुख्यमंत्री देखा गया है जिसका 5 साल का कार्यकाल उपलब्धियों की बजाय घोटालों की वजह से याद रखा जाएगा। श्री राठिया ने कहा भूपेश की सत्ता के दौरान सबसे करीबी लोग ही जेल गए। भूपेश बघेल बताएं कि उनके सत्ता में रहते उनके निज सचिव, कलेक्टर, आबकारी मंत्री और खुद उनके बेटे तक घोटालों के आरोप में जेल जा चुके हैं। जिस आबकारी घोटाले में प्रदेश की जनता का पैसा लूटा गया, उसी में आपके आबकारी मंत्री कवासी लखमा आज जेल में हैं। उस समय आप मौन साधकर बैठ गए थे। आदिवासी समाज के एक बड़े नेता के सम्मान को दांव पर लगाकर आप चुप्पी साध गए। पूर्व मुख्यमंत्री के आदिवासी विरोधी वाले आरोप पर सांसद राठिया ने कहा कि भाजपा से आदिवासी समाज को भय नहीं, बल्कि गर्व है। आप आदिवासी हित की बात करते हैं। प्रदेश की जनता जानना चाहती है 70 साल में कांग्रेस ने आदिवासियों के लिए क्या किया। क्या कांग्रेस ने कभी किसी दलित को राष्ट्रपति की कुर्सी तक पहुंचाया। क्या कभी किसी आदिवासी को मुख्यमंत्री बनाया। भाजपा की सरकार ने ⏭शेष 8 पर






सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
आलोक पटेल
जिला अध्यक्ष
भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला सक्ती


सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
पूनम अग्रवाल
अध्यक्ष
प्राथमिक कृषि शाखा सेवा सहकारी समिति अमलडीहा


सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती रूपा सिंह देव
मंत्री जिला भाजपा सक्ती


सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
एकलव्य गुरूकुल हायर सेकेंडरी स्कूल चंद्रपुर
कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक अंग्रेजी माध्यम
हेमंत कुमार देवांगन
एमडी
राजू मानिकपुरी
प्राचार्य


सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
प्राथमिक कृषि शाखा सहकारी समिति कलमा
शंकरपुरी गोस्वामी
अध्यक्ष
केशव प्रसाद निषाद
प्रबंधक


सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
टी.आर.एन. एनर्जी
भेंगारी नवापारा घरघोड़ा
जिला रायगढ़


15 AUGUST
समस्त देशवासियों को
आजादी के महापर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
राजेश चौहान
वन परिक्षेत्रा अधिकारी छाल


सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
तिलेश माली
अध्यक्ष, भाजपा मंडल चंद्रपुर


सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
मनोज ट्रेडर्स, कृष्ण ट्रेडर्स
मैनरोड चंद्रपुर जिला सक्ती
मनोज अग्रवाल
मनीष अग्रवाल


सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
नई उम्मीद, रायगढ़


सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
ARK Logistics And Construction
Ashutosh Suchitra patnaik, Ghargoda


सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
थाना प्रभारी
सरिया एवं समस्त स्टाफगण


आजादी का
महापर्व
जिन वीरों के त्याग और बलिदान ने हमें
स्वतंत्र भारत का गौरव दिलाया,
उन सभी अमर शहीदों एवं
स्वतंत्रता सेनानियों को सादर नमन।
हमारी स्वतंत्रता, हमारे लोकतंत्र और हमारी एकता
उनके महान संघर्ष की अमूल्य विरासत हैं।
आइए, इस विरासत को मजबूत करते हुए
देश और छत्तीसगढ़ की प्रगति में अपना योगदान दें।
आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!
जय हिंद!
उमेश नंदकुमार पटेल
पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन | विधायक, खरसिया विधानसभा क्षेत्र

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संकलनकर्ता - अंबिका सोनवानी
संवाददाता घरघोड़ा, मो. 7223040303

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
ठाकुर एग्रो सर्विस सेंटर
प्रो. प्रितेश सिंह ठाकुर
मो. 9479132050, 7354825655

15 अगस्त
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
एसडीओ आरईएस
घरघोड़ा

15 अगस्त
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सिंघानिया एण्ड संस
घरघोड़ा

15 अगस्त
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
दिलीप राठिया
शासकीय संजय निकुंज घरघोड़ा

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
डॉ. जगदीश तिर्की
प्राचार्य
एसएल साहू
उप प्राचार्य
अरुण पंडा
अध्यक्ष
भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय एवं समस्त स्टाफगण घरघोड़ा

15 अगस्त
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
कृपाराम राठिया
ग्राम कुर्मीभौना
जनपद पंचायत
घरघोड़ा

15 अगस्त
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
शिव शर्मा
अध्यक्ष
ब्लॉक कांग्रेस कमेटी
घरघोड़ा

15 अगस्त
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
अरूण पंडा
अध्यक्ष
उत्कल ब्राह्मण समाज रायगढ़

15 अगस्त की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
डॉ. सेतराम पैंकरा
मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्वास्थय केंद्र घरघोड़ा
एवं समस्त स्टाफगण

15 अगस्त
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
राजेश बेहरा (बबलू)
मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी
कुडुमकेला रायगढ़ छ.ग.
सरंक्षक कोयलांचल ग्रोथ फाउंडेशन रायगढ़

15 अगस्त
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विक्रांत कुमार
वन परिक्षेत्राधिकारी एवं समस्त स्टाफ घरघोड़ा
पेड़-पौधे मत करो नष्ट, सांस लेने में होगा कष्ट.
वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा

15 अगस्त
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
सुनील सिंह ठाकुर
अधिवक्ता
प्रदेश सह संयोजक भाजपा विधि प्रकोष्ठ
भाजपा धरमजयगढ़ प्रभारी

15 अगस्त
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
हरिक्रेन सर्विस
प्रो. हरिचरण यादव

स्वतंत्रता दिवस की
स्वतंत्रता दिवस 15 AUGUST
की हार्दिक शुभकामनाएं...
उस्मान बेग
जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस रायगढ़ ग्रामीण
पूर्व जिला अध्यक्ष NSUI रायगढ़ - पूर्व उपाध्यक्ष नं.प. घरघोड़ा
Mob- 95895 07005, 831 913 7065

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
महाबीर एनर्जी
भेंगारी नवापारा टेण्डा

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
गोकुल यादव
उपाध्यक्ष जिला भाजपा रायगढ़

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
एक शुभचिंतक

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
शिखा रविन्द्र गबेल
अध्यक्ष जिला पंचायत रायगढ़
रविन्द्र गबेल

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
सनत नायक
कोषाध्यक्ष जिला भाजपा रायगढ़

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
दीपक सिदार
उपाध्यक्ष जिला पंचायत रायगढ़

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
रमेश बेहरा
सदस्य जिला पंचायत तमनार रायगढ़

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
ओपी चौधरी
वित्तमंत्री व विधायक रायगढ़

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
बंशीधर चौधरी
सदस्य जिला पंचायत रायगढ़

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
जागेश सिंह सिदार
अध्यक्ष जनपद पंचायत तमनार


सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
राधेश्याम राठिया
सांसद रायगढ़

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
सत्यानंद राठिया
(पूर्व मंत्री छ.ग. शासन लैलूंगा विधानसभा)
पूर्व विधायक लैलूंगा
सुनीति राठिया
(पूर्व संसदीय सचिव)
पूर्व विधायक लैलूंगा


15 अगस्त
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...


ओम फ्यूल्स बिलाईगढ़ की ओर से
सभी देशवासियों को
78वें
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
आओ मिलकर करें ये प्रण,
देश का हो सम्मान, हर दिल में हो देशभक्ति का संकल्प!
सौभाग्य शरण सिंह
पार्षद
वार्ड क्रमांक 08
नगर पंचायत बिलाईगढ़
Bharat Petroleum
ओम फ्यूल्स
बिलाईगढ़
आपका विश्वास, हमारी पहचान



15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हृदयराम राठिया
पूर्व विधायक लैलूंगा


15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
चक्रधर सिंह सिदार
पूर्व विधायक लैलूंगा


78वें
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
लवी सोनी
पार्षद
वार्ड क्रमांक 14
नगर पंचायत बिलाईगढ़
लव सोनी
वरिष्ठ बीजेपी नेता
बिलाईगढ़
सभी देश वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
भारतीय जनता पार्टी
एक भारत - श्रेष्ठ भारत


मां समलाई फ्यूल
मेन रोड़ बस स्टेड
बिलाईगढ़
की ओर से
सभी देश वासियों को
स्वतंत्रता
दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
आइए! हम सब मिलकर अपने देश को
समृद्ध, एकजुट और शक्तिशाली बनाएं।
जय हिन्द! वंदे मातरम्!
प्रो. बलराम देवांगन


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
दीपक जायसवाल
सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय
सारंगढ़-बिलाईगढ़


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
युवराज पटेल
पीओ जनपद पंचायत
सारंगढ़-बिलाईगढ़


15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
लालजीत सिंह राठिया
(पूर्व दर्जा प्राप्त कैबिनेट मंत्री छग शासन)
विधायक धरमजयगढ़
शिव शर्मा
ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष
घरघोड़ा
ऋतुराज सिंह ठाकुर
ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष
विक्की मित्तल
विधायक प्रतिनिधि
गौरीशंकर राठिया
ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कापू



स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
लोक निर्माण विभाग
एसडीओ, सारंगढ़-बिलाईगढ़


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत, सारंगढ़-बिलाईगढ़


15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मां मंगला स्पंज प्राइवेट लिमिटेड
ग्राम नटवरपुर रायगढ़ छ.ग.


15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
रमापति हिन्दी व इंग्लिश
मीडियम स्कूल
ब्वाय एण्ड गर्ल्स हॉस्टल
की सुविधा उपलब्ध
हीरापुर चंद्रपुर, जिला-सकती छ.ग.

सभी क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं




















सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती लक्ष्मी देवी साहू
महका मंडल महामंत्री
खरसिया विधानसभा


सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
निखिल सिन्हा
प्रवक्ता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी
शहर खरसिया




सभी क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं
संकलनकर्ता
नैनानंद वैष्णव
प्रतिनिधि खरसिया
विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो. 9826346643


सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
अवध नारायण सोनी
उपाध्यक्ष नगर पालिका खरसिया


सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
कमल गर्ग
नगर पालिका अध्यक्ष, खरसिया


सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
HAPPY
INDEPENDENCE DAY
15th August
उमेश पटेल
विधायक खरसिया
अभय महंती
प्रदेश प्रतिनिधि छग कांग्रेस


सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
August 15
डा. टी.के. साहू
प्रसूती एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
संस्कार नर्सिंग होम
साहू मेडिकल स्टोर खरसिया
संस्कार हास्पिटल


सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
न्यू विवेकानंद कान्वेंट
हायर सेकेंडरी स्कूल ठूसेकेला


सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
धरनीधर भारती
ज्योतिष वास्तु न्यूमोलॉजी व मेडिकल एस्ट्रोलॉजी
सहित सभी आध्यात्मिक विषयों में मार्गदर्शन हेतु
संपर्क करें मो. 9425573383


सभी देशवासियों को
साहस और शौर्य के प्रतीक राष्ट्रीय पर्व
80वाँ स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें...
Rukmani Power And Steel Pvt. Ltd.
10 MW Biomass based Power Plant
Vill. : Kunkuni - Ranisagar, P.O. : Kharsia, Distt. : Raigarh (C.G.) - 496661
Ph. No. : +91-86400-40099, E-mail : rukmanipslk@rediffmail.com


SKY TMT
POWER OF 360°
Happy
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
VIKAS AGARWAL
स्काई अलॉयज एंड पावर लिमिटेड
मजबूती जोड़े, विश्वास बढ़े


सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
उमेश पटेल
विधायक खरसिया
कीर्तन पटेल
वरिष्ठ कांग्रेसी नेता


BHATIA ENERGY
की ओर से
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
80th INDEPENDENCE DAY 2026
— LET US HONOUR THE PAST, —
CELEBRATE THE PRESENT AND BUILD A BETTER TOMORROW.
JAI HIND! | JAI BHARAT!
BHATIA ENERGY AND MINERALS PVT. LTD.
(COAL WASHERY & PRIVATE RAILWAY SIDING)
CHHOTE DUMARPALI, KHARSIA (C.G)
(INDERMANI GROUP)

खबर संक्षेप

प्रयास स्कूल में प्रवेश के लिए द्वितीय काउंसलिंग 16 से

रायगढ़। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु द्वितीय काउंसलिंग की तिथि निर्धारित कर दी गई है। कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात विभागीय वेबसाइट पर द्वितीय काउंसलिंग हेतु चयनित छात्र छात्राओं की सूची एवं आवश्यक जानकारी प्रदर्शित की गई है। विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार द्वितीय काउंसलिंग 16 से 20 अगस्त तक आयोजित की जाएगी।

पेज 1 का शेष

साइबर ठगों के ...

साथ ही ठगी से बचने के लिए व्यवहारिक सावधानियां भी बताई गईं। इस कार्यक्रम में थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक कुमार गौरव साहू ने सीआईएसएफ अधिकारियों एवं जवानों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, ऑनलाइन शॉपिंग और सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल के साथ साइबर अपराधियों ने भी ठगी के तरीके बदल दिए हैं। अपराधी अब बैंक अधिकारी, पुलिस, टीआर आई, बिजली विभाग, कूरियर कंपनी या परिचित बनकर लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। कार्यक्रम में फर्जी केवाईसी अपडेट और बैंक खाता बंद होने का झांसा देकर ठगी करने के तरीकों की जानकारी दी गई। पुलिस ने एआई आधारित फर्जी आवाज और वीडियो के जरिए होने वाली ठगी के प्रति भी जवानों को सतर्क किया। बताया गया कि साइबर अपराधी परिचित व्यक्ति की आवाज या वीडियो जैसी तकनीक का इस्तेमाल कर पैसे की मांग कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में केवल आवाज या वीडियो देखकर भरोसा करने के बजाय संबंधित व्यक्ति के पुराने या वैकल्पिक नंबर पर कॉल कर वास्तविकता की पुष्टि करनी चाहिए।

आदिवासी अस्मिता ...

आदिवासियों के हित के लिए सबसे बड़ा कदम उठाते हुए न केवल अलग राज्य बनाया बल्कि आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बनाया उनकी सरलता सहजता की वजह से बढ़ती लोकप्रियता से कांग्रेस भयभीत है। आज देश के सर्वोच्च पद पर एक आदिवासी महिला बैठी हैं। और छत्तीसगढ़ में भी पहली बार एक आदिवासी को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने आदिवासी अस्मिता को सम्मान दिया है। इसी से आप भयभीत हैं।

मेडिकल कॉलेज को मिली 50 करोड़ की सौगात

अब मेडिकल कॉलेज में मिलेगी कैंसर मरीजों को कीमोथेरेपी की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शुक्रवार को स्व. लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित स्वशासी समिति की बैठक में चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल भवन में विभिन्न मरम्मत एवं निर्माण कार्यों के लिए 50 करोड़ की मंजूरी दी गई। बैठक में अस्पताल की सुविधाओं को बेहतर बनाने के साथ मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही अधिक उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में वित्त मंत्री ओपी चौधरी भी मौजूद रहे। स्वास्थ्य मंत्री ने स्वीकृत निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश पीडब्ल्यूडी विभाग को दिए। साथ ही भवनों के काम में गुणवत्ता के साथ बेहतर स्वरूप पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया। बैठक का सबसे अहम निर्णय कैंसर मरीजों से जुड़ा रहा। स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिकल कॉलेज में कीमोथेरेपी की सुविधा जल्द शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा एड्स मरीजों के उपचार के लिए एआरटी सेंटर प्रारंभ करने की दिशा में भी कार्रवाई करने को कहा गया है। अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में आवश्यक मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए टेक्नीशियन, स्टाफ नर्स, कंप्यूटर ऑपरेटर समेत तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के जरूरत के अनुसार पदों पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्ती करने का निर्णय लिया गया। इससे अस्पताल की रोजमर्रा की सेवाओं को अधिक व्यवस्थित करने में मदद मिलने की उम्मीद है। मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई और प्रशिक्षण व्यवस्था को आधुनिक बनाने पर भी बैठक में जोर दिया गया। एमबीबीएस तथा एमएस/एमडी के लेक्चर और डेमो हॉल में इंटरएक्टिव पैनल लगाए जाएंगे।

गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने किरोड़ीमल जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि मरीजों को बेहतर, सहज और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों और सुविधाओं का बेहतर उपयोग करते हुए मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया जाए।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुसौर में अव्यवस्था

पुसौर। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुसौर में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। अस्पताल में आवश्यकता के अनुरूप चिकित्सकों की उपलब्धता नहीं है और जो डॉक्टर पदस्थ हैं, उनके भी समय पर अस्पताल नहीं पहुंचने की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। अस्पताल में उपलब्ध कई चिकित्सा उपकरण विशेषज्ञ कर्मचारियों के अभाव में उपयोग नहीं हो पा रहे हैं। वहीं मरीजों को आपातकालीन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वाहन तो है, लेकिन उसके संचालन के लिए स्थायी चालक की व्यवस्था नहीं होने से परेशानी बढ़ जाती है।

वर्तमान में मौसमी बीमारियों के कारण मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन अस्पताल में पर्याप्त बेड उपलब्ध नहीं होने से भर्ती मरीजों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। कई बार मरीजों और उनके परिजनों को मूलभूत सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ता है। दूसरी ओर नगर पंचायत पुसौर क्षेत्र में बोरोडीपा से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तक नालियों की सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था भी बदहाल बताई जा रही है। समय पर सफाई नहीं होने के कारण गंदगी और जलभराव की समस्या बनी रहती है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। इन तमाम समस्याओं और अव्यवस्थाओं के बावजूद



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुसौर को पुरस्कार प्रदान किए जाने पर स्थानीय नागरिकों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों का सवाल है कि जब अस्पताल में डॉक्टरों की कमी, कर्मचारियों का अभाव, बेड की समस्या और सफाई व्यवस्था जैसी बुनियादी चुनौतियां मौजूद हैं, तो फिर यह पुरस्कार किन मानकों के आधार पर दिया गया। क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन से अस्पताल की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की है, ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

तकनीकी व व्यवहारिक कठिनाइयों का समन्वय से करें निराकरणः एसएसपी



समयबद्ध एवं जिम्मेदाराना कार्यवाही करें: एसएसपी

डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने निर्देशित किया कि पुलिस द्वारा किसी प्रकरण में एमएलसी अथवा पीएमआर के लिए प्रकरण भेजे जाने पर संबंधित मेडिकल रिपोर्ट को निर्धारित समय-सीमा में ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाए तथा अनावश्यक विलंब से बचा जाए। उन्होंने कहा कि नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पुलिस, स्वास्थ्य विभाग एवं अभियोजन के बीच मजबूत एवं समयबद्ध समन्वय आवश्यक है। मेडिकल एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट समय पर उपलब्ध होने से विवेचना में तेजी आएगी और न्यायालयीन प्रक्रिया के लिए आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने अधिकारियों को मेडीलेपर का अधिकतम प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने तथा डिजिटल प्रक्रिया में आने वाली तकनीकी अथवा व्यवहारिक कठिनाइयों का आपसी समन्वय से निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में डॉ. देवेंद्र कुमार राठौर द्वारा मेडीलेपर में एमएलसी एवं पीएमआर की डिजिटल एंट्री एवं रिपोर्टिंग प्रक्रिया के तकनीकी पहलुओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, आपराधिक प्रकरणों की विवेचना को अधिक त्वरित, पारदर्शी एवं वैज्ञानिक बनाने तथा पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के बीच मेडिको-लीगल समन्वय को और मजबूत करने के उद्देश्य से 13 अगस्त गुरुवार को पुलिस कार्यालय जशपुर के सभाकक्ष में महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। यह बैठक डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित हुई, जिसमें पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, लोक अभियोजन एवं एफएसएल के अधिकारियों ने सहभागिता की।

बैठक में मेडलिपर (मेडिको लीगल इक्जामिनेशन एंड पोस्ट मॉडम रिपोर्ट सिस्टम) के प्रभावी उपयोग पर विशेष जोर दिया गया अधिकारियों एवं चिकित्सकों को एमएलसी एवं पीएमआर की ऑनलाइन रिपोर्टिंग, केस पंजीयन, रुक्का प्रक्रिया तथा पुलिस एवं सीसीटीएनएस के साथ डिजिटल समन्वय की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। इस पहल का उद्देश्य मेडिकल रिपोर्टिंग की प्रक्रिया को समयबद्ध एवं व्यवस्थित बनाते हुए विवेचना के दौरान आवश्यक चिकित्सकीय दस्तावेजों की उपलब्धता को सुगम बनाना तथा संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। बैठक में रुक्का एवं एमएलसी केस के डिजिटल वर्कफ्लो का प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। अधिकारियों एवं चिकित्सकों को केस पंजीयन से लेकर रुक्का तैयार करने तथा संबंधित जीडी/एफआईआर की जानकारी मेडीलेपर में देखने की प्रक्रिया समझाई गई। इसके साथ ही सीसीटीएनएस से प्राप्त प्रकरणों के लिए मेडीलेपर में लंबित रिक्वेस्ट को देखने, संबंधित रिक्वेस्ट को पुल कर केस पंजीकृत करने तथा आगे की निर्धारित प्रक्रिया पूरी करने की जानकारी दी गई।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी.एस. जात्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नोडल अधिकारी सीसीटीएनएस राकेश कुमार पटनवार, उप पुलिस अधीक्षक के.आर. चौहान, एसडीओपी जशपुर निमितेश सिंह, एसडीओपी पत्थलगांव ध्रुवेश कुमार जायसवाल, एसडीओपी बगीचा दिलीप कुमार कोसले, डीएसपी आशा तिर्की, सिविल सर्जन डॉ. इंदवार, जिले के संबंधित बीएमओ एवं चिकित्सा अधिकारी, डीडीपी सुरेश कुमार साहू, डीपीओ विपिन शर्मा, एफएसएल जशपुर के डॉ. प्रभात भगत, थाना प्रभारीगण एवं जिला सीसीटीएनएस प्रभारी प्रधान आरक्षक नंदलाल भगत उपस्थित रहे।

जमीन मामले में सरपंच-सचिव सहित सात के खिलाफ एफआईआर



पत्थलगांव। ग्राम कछार में दर्जनों महिला पुरुषों द्वारा जमीन के दस्तावेजों में कथित कूटरचना कर फर्जी तरीके से प्रमाण पत्र से लेकर अन्य तरीके अपनाते हुए जमीन के नामान्तरण एवं उसे बेचने की शिकायत पर पुलिस ने सरपंच-सचिव समेत सात लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। बुधवार को जब कछार के ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी पुलिस से मृतक मीनू चौहान की मौत एवं उसकी कथित पत्नी जो 2019 से मृतक मीनू चौहान से अलग रहकर अन्य गांव मे रह रही थी पर जब 2026 में मीनू चौहान की मृत्यु हो जाती है तो महीने दो महीने में ही जमीन नामान्तरण से लेकर जमीन की रजिस्ट्री कर बेचने को लेकर तमाम जानकारी साझा की थी जिसमें ग्रामीणों के द्वारा गरीबों को न्याय देने की मांग रखी गई थी। ग्रामीणों की तमाम बात सुनकर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस धुर्वेश जायसवाल ने थाना प्रभारी से कछार के मृतक मीनू चौहान की जमीन सबंधी सत्य प्रतिलिपि दस्तावेज प्राप्त करने निर्देश दिए थे। जिसके प्रप्त होने जांच उपरांत सात लोगों के खिलाफ थाने में एफआईआर कर दी गई है। आपको बता दे सरपंच सचिव केसाथ कथित मारपीट करने को लेकर पुष्पा चौहान, पवन चौहान एवं पवन चौहान की पत्नी पर पत्थलगांव थाने के द्वारा कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस धुर्वेश जायसवाल ने बताया कि कछार की जमीन फौती नामान्तरण एवं रजिस्ट्री कर बेचे जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसकी जांच किए जाने के बाद उच्च अधिकारी के निर्देशानुसार कछार के सरपंच संगीता नाग, सचिव रामनिवास सूर्यवंशी, सावित्री चौहान, पटवारी केके यादव, दीपांशु अग्रवाल, खेमासागर यादव, विजय यादव पर कागजों की कूटरचना करने को लेकर एफआईआर की गई है।

पुसौर जनपद की सामान्य सभा में विविध मुद्दों पर चर्चा



पुसौर। समान्य सभा के बैठक में प्रायः सभी जनपद सदस्य के साथ प्रशासन के विभाग प्रमुख भी शामिल होते हैं इसलिए यह बैठक जनप्रतिनिधियों के लिए काफी अहम रहता है। चूंकि अपने अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं को सीधे अधिकारियों से साझा करने और उसके हल निकालने का मौका मिलता है। पुसौर जनपद के सभा कक्ष में इस तरह सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति का बैठक आहुत हुआ जिसमें संबंधित सक्षम अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

आयोजित बैठक के एजेन्डे और कृत कार्यवाही की जानकारी जनता के बीच साझा करने का प्रयास किया गया। जिसमें न हीं अधिकारियों ने प्राथमिकता दी और न हीं रूलिंग पार्टी के जनप्रतिनिधियों ने। वहीं विपक्ष के जनप्रतिनिधियों ने बताया कि हमारे साथ भेदभाव किया जा रहा है। इस संबंध में खरसिया विधान सभा क्षेत्र के कई बीडीसी ने बताया कि जनपद से जो हमें अपने बीडीसी क्षेत्र में निर्माण कार्य के लिये फंड मुहैया होना चाहिये उसे कम किया जा रहा है। बताया जाता है कि उक्त बैठक में जिन अधिकारियों को शामिल होना था वो आये जरूर लेकिन वे केवल हाजिरी लगाकर इसलिए चल दिए कि उन्हें जिला कार्यालय के बैठक में शामिल होना था। 15 अगस्त को ग्राम सभा आयोजन करने के भी निर्देश हैं जिसे राष्ट्रीय त्यौहार के उल्लासमय वातावरण में संपन्न कराना है।

ट्रक की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

रायगढ़। छाल थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में 63 वर्षीय स्कूटी सवार की मौत हो गई। बर्रा से डोंगाभोना लौट रहे जगरसाय राठिया की स्कूटी को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुर्घटनाकारित ट्रक को कुछ दूरी पर पकड़ लिया। मृतक के परिजनों को सूचना देने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। वहीं तहसीलदार ने शोकाकुल परिवार को 25 हजार रुपये की तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की। जगरसाय राठिया स्कूटी से बर्रा की ओर से डोंगाभौना जा रहे थे। इसी दौरान किसी तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर के बाद जगरसाय सड़क पर गिर गए। हादसा इतना गंभीर था कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही छाल पुलिस ने आसपास के रास्तों पर नाकाबंदी कर ट्रक की तलाश शुरू की। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की और पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। हादसे की सूचना परिवार को मिलते ही घर में मातम छा गया। तहसीलदार की ओर से जगरसाय राठिया के परिवार को 25 हजार की आर्थिक सहायता दी गई।

हर घर तिरंगा अभियान से जशपुर में गूंजा राष्ट्रप्रेम का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिले में राष्ट्र प्रेम और देशभक्ति का उत्साह देखने को मिल रहा है। जिले के बिहान स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने अपने-अपने क्लस्टर एवं ग्राम पंचायतों में तिरंगा लहराकर अभियान का उत्साहपूर्ण आगाज किया।

इस अवसर पर महिलाओं ने पूरे जोश के साथ "वंदे मातरम्" का उद्घोष करते हुए राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। अभियान के प्रथम चरण में जशपुर जिले के सभी आठ विकासखंडों के कुल 32 क्लस्टरों ने सक्रिय सहभागिता



निभाई। विभिन्न क्लस्टरों में बड़ी संख्या में बिहान समूहों की महिलाएं एकत्रित हुई और तिरंगा लहराकर देश के प्रति अपने सम्मान एवं गौरव की भावना को अभिव्यक्त किया। आज के तिरंगा अभियान में जशपुर विकासखंड के घोलेंग क्लस्टर, कुनकुरी के नारायणपुर एवं बंदरचुआं क्लस्टर, पत्थलगांव के विभिन्न क्लस्टर, दुलदुला विकासखंड के सभी क्लस्टर, मनोरा के आस्था एवं सोनकियारी क्लस्टर, बगीचा विकासखंड की महिलाओं तथा फरसाबहार विकासखंड के सभी क्लस्टरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाओं ने सामूहिक रूप से "वंदे मातरम्" के नारे लगाए और ग्रामीण क्षेत्रों में देशभक्ति की भावना को और मजबूत किया।

उल्लेखनीय है कि हर घर तिरंगा अभियान 9 अगस्त से 17 अगस्त तक जिले में व्यापक स्तर पर संचालित किया जा रहा है।

जिला नोडल अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

जशपुरनगर। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छग रायपुर के दिये निर्देशानुसार मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय तथा समस्त हाई स्कूल हायर सेकेण्डरी संस्थानों में ईएलसी के नियुक्त सभी नोडल अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर के माध्यम से जिला पंचायत के सभा कक्ष में प्रशिक्षण दिया गया।


जिले में 1 जून से अब तक 5274.5 मिमी वर्षा दर्ज

जशपुरनगर। जिले में 1 जून से अब तक 5274.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इसी अवधि में पिछले 10 वर्षों की औसत वर्षा 6817.9 मिमी रही है। बीते दिवस जिले में औसतन 321.6 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार है तहसील जशपुर में 518.5 मिमी, मनोरा में 885.5 मिमी, कुनकुरी में 697.4 मिमी, दुलदुला में 446.5 मिमी, फरसाबहार में 319.6 मिमी, बगीचा में 474.0 मिमी, कांसाबेल में 540.2 मिमी, पत्थलगांव में 511.1 मिमी, सन्ना में 637.9 मिमी एवं बागबहार में 243.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में 885.5 मिमी हुई है।









15- AUG RGH PAGE-1 EXTRA_Layout 1 8/13/2026 11:30 PM Page 1

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रायगढ़-जशपुर भूमि

हरिभूमि | बिलासपुर, शनिवार, 15 अगस्त 2026

22 जांबाजों की सरजमीं देवरी... पहचान की मोहताज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| विकास चौबे

भारत छोड़ो , सविनय अवज्ञा, विदेशी वस्तु बहिष्कार, असहयोग आंदोलन, जंगल सत्याग्रह जैसे आंदोलनों में भाग लिया


इनके नाम की पट्टिका तक गांव में नहीं लग सकी, सड़क, पानी, बिजली भी नहीं, गांव की सुध लेने वाला कोई नहीं है

बिलासपुर। मुंगेली जिले का छोटा सा गांव देवरी देश के इतिहास में अपने गौरवशाली कार्य के लिये जाना जाता है। अंग्रेजों की गुलामी की जंजीरों से आजादी दिलाने में इस गांव के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपने जानों की आहूतियां दीं। आजादी की लंबी लड़ाई लड़ी। यही कारण है छत्तीसगढ़ में बात आजादी की हो तो देवरी गांव का जिक्र जरूर होता है। इसके बाद भी इस गांव में जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या इस गांव को सरकार भूल गई है? गांव में एक दो नहीं बल्कि 22 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे लेकिन आज तक इनके नाम की पट्टिका गांव में नहीं लग सकी है तो सड़क, पानी, बिजली की बेहतर सुविधा नहीं है।

भारत आज 78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। देश को आजादी दिलाने में अनगिनत लोगों ने अपना जीवन न्योछावर कर दिया। छत्तीसगढ़ का एक ऐसा ही गांव, जिसने एक नहीं बल्कि 22 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दिए। हम बात कर रहे हैं मुंगेली जिले के देवरी गांव की। देश को आजादी दिलाने में इस गांव के लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत छोड़ो आंदोलन, सविनय अवज्ञा, विदेशी वस्तु बहिष्कार, असहयोग आंदोलन, जंगल सत्याग्रह जैसे आंदोलनों में भाग लिया। साल 1930 और 1932 में जेल भी गए।

1905 में बनारस के कांग्रेस अधिवेशन से जुड़े

22 सेनानियों में से एक हैं गजाधर साव। ग्राम देवरी के मालगुजार साव 1905 में बनारस के कांग्रेस अधिवेशन से आजादी के आंदोलन से जुड़ गए। 1917 में होमरूल आंदोलन के समय वे बिलासपुर शाखा के प्रमुख प्रतिनिधि थे। 1921 में विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार और स्वदेशी के प्रसार में अग्रणी भूमिका निभाई। इसके साथ ही 25 मार्च 1931 में कांग्रेस के कराची अधिवेशन में गांव के करीब 24 साथियों के साथ पहुंचे। अधिवेशन के दौरान तत्कालीन अध्यक्ष सरदार वल्लभ भाई पटेल, साव की कार्यशैली से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने मंच से इन्हें 'छत्तीसगढ़ का तेज-तर्रार नेता कहकर संबोधित किया।



गजाधर साव को हुई 3 महीने की कारावास

जनवरी 1932 में मुंगेली में विदेशी सामान बेचने वाले एक दुकान में पिकेटिंग करने पर अंग्रेज सरकार ने गजाधर साव को 3 माह का कारावास और 125 रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया था। सामाजिक सुधार के प्रति भी साव बेहद जागरूक थे। एक बार महात्मा गांधी ने आजादी की दीवानगी पर कहा कि 'साव जी, एक तो मैं पागल और आप मुझसे भी बड़े पागल हैं। ऐसे में देश आजाद होकर रहेगा।' बड़े नेताओं की आम जनता से दूरी को साव नापसंद करते थे। 16 दिसंबर 1936 को कांग्रेस के प्रमुख पं जवाहरलाल नेहरू मुंगेली आए तो साव का आग्रह था कि वे आगर नदी पुल से पैदल ही नगर में प्रवेश करें लेकिन उनकी बात नहीं मानी गई, जिससे वे नाराज हो गए और पुल पर धरना देकर लेट गए।

शिलालेख में दर्ज है सेनानियों के नाम

देश की स्वतंत्रता के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 1972-73 में क्षेत्र के शहीदों एवं सेनानियों की याद को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए पुराना बस स्टैंड के पास एक शिलालेख स्थापित किया गया, जिसमें इन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम दर्ज हैं। हालांकि इस शिलालेख में अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम शामिल नही हैं। क्यों नहीं है? इस बात को बताने के लिए आज हमारे बीच कोई स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जीवित नहीं है।हालांकि जिनका नाम इसमें नहीं है, स्वतंत्रता प्राप्ति के संघर्ष में उनका योगदान इस बात से कम नहीं होता। कुछ वर्ष पूर्व तक इसी परिसर के आसपास जनपद पंचायत, भारतीय स्टेट बैंक, विद्युत कार्यालय तथा व्यवहार न्यायालय संचालित होते थे। यहां पर जनपद पंचायत के द्वारा ध्वजारोहण किया जाता था। कार्यालय अन्यत्र चले जाने के कारण शिलालेख स्थल भी पूरी तरह उपेक्षित हो गया है।



पंडित नेहरू को कार से उतरकर जाना पड़ा

श्री साव को मनाने की कोशिश की गई? पर वे नहीं माने? इस पर झल्लाकर पंडित नेहरू ने कहा कि अगर साव नहीं उठते हैं तो इसके ऊपर से ही कार को चला दो। पंडित नेहरू के इस उग्र रूप से भी साव ने अपनी जिद नहीं छोड़ी और आखिरकार कुछ दूर तक पं. नेहरू को कार से उतरकर जाना ही पड़ा। गजाधर साव के बाद नाम आता है पं. कालीचरण शुक्ल का। अपनी सादगी, सरलता के लिए पूरे क्षेत्र में मुंगेली के गांधी के रूप में माने जाने वाले पं. कालीचरण शुक्ल अपने साप्ताहिक अखबार के माध्यम से अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठाते रहते थे। इस कारण उन्हें जुर्माना भरना पड़ता था और कई बार तो उनका प्रेस ही जब्त हो जाता था। लेकिन पंडित शुक्ल पैसे का इंतजाम कर जुर्माना भरते और

विदेशी कपड़ों का बहिष्कार करते पकड़े गए केशरवानी

विदेशी कपड़ों की खिलाफत में आगे रहे बाबूलाल केशरवानी ने भी आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई। 1932 में 20 साल की आयु में ही साथियों के साथ गोल बाजार मुंगेली में घेवरचंद सूरजमल की कपड़ा दुकान के सामने विदेशी कपड़ों के बहिष्कार के लिए आंदोलन करते हुए पकड़े गए। 1942 में पिकेटिंग के समय पं.शुक्ल, सिद्धगोपाल त्रिवेदी, हीरालाल दुबे, कन्हैयालाल सोनी और अनेक लोगों के साथ उन्हें गिरफ्तार कर पहले बिलासपुर, फिर अमरावती जेल भेज दिया गया।



सालों से उपेक्षित रहा है गांव



स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाली महिला सूरजबाई के परिजन कहते हैं कि युवा पीढ़ी से आजादी की कद्र करनी चाहिए। क्योंकि बहुत मुश्किल से हमें आजादी मिली है। परिजन का मानना है कि शासन प्रशासन ने भी देवरी गांव की उपेक्षा की है, क्योंकि गांव मे इतने फ्रीडम फाइटर्स होने के बाद भी एक अदना सा भी स्मारक या उनके नाम की पट्टिका तक देखने को नहीं मिलती है, जबकि पूरे देश में बिरले ही होंगे जहां एक ही गांव में इतने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हों।

इन समस्याओं से जूझ रहा है गांव: एक स्वतंत्रता सेनानी के परिवार के सदस्य विजय कोसले कहते हैं कि इस गांव को फ्रीडम फाइटर्स के नाम से याद तो किया जाता है, लेकिन गांव में आज भी चलने के लिये सड़कें और पीने के पानी जैसी समस्याओं का अंबार लगा है। इस गांव की सुध लेने वाला कोई नहीं है। गांव के ही रहने वाले देश में ख्यति प्राप्त वीर रस के कवि देवेंद्र परिहार ने भी अपनी रचना के माध्यम से वीर सेनानियों के बलिदानों को याद किया और आजादी के महत्व को समझते हुये स्वतंत्रता उत्सव को धूमधाम से मनाने की बात कही।

यह है देवरी गांव के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी

- बान्दु उर्फ बन्दर
- सदाशिव सतनामी
- पं कालीचरण शुक्ल
- रामदयाल ब्राह्मण
- नारायण राव
- रघुपतराव ब्राह्मण
- हीरालाल दुबे
- सदानंद लाल ब्राह्मण
- अवधराम
- ददना सोनार
- कन्हैयालाल
- मथुरा प्रसाद सोनार
- गंगा प्रसाद
- हरीराम
- उदयाशंकर
- रामबुझास ब्राह्मण
- नारायण राव
- भीखा जी ब्राह्मण
- बलदेव सिंह अदली
- बिसाहू
- रामचरण
- बाबूलाल केशरवानी
- द्वारिका प्रसाद केशरवानी
- छोटेलाल
- सरजू प्रसाद
- देवदत्त भट्ट
- विदेशी
- शिवलाल
- कन्हैया
- भाईराम सेंगवा
- भवानी शंकर
- रघुबरप्रसाद
- श्यामलाल
- घनाराम
- श्री सिद्धगोपाल
- अयोध्या प्रसाद
- झाड़राम
- मुल्लूराम तमेर
- रामगोपाल
- बंशीधर तिवारी
- गनपतलाल
- भागवत प्रसाद क्षत्री
- गजानंद
- रामचंद्र साव

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विकास खंड शिक्षा अधिकारी
एंव समस्त स्टाफगण बरमकेला

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सिंचाई विभाग
बरमकेला एंव समस्त स्टाफगण

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
रेंजर वन विभाग
बरमकेला एंव समस्त स्टाफगण

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सरपंच हट्टापाली



15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सरपंच ग्राम पंचायत
डोमाडीह अ

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
किशोर पटेल
अध्यक्ष
ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बरमकेला

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
भारती देवी नायक
सरपंच ग्राम पंचायत करपी
देवेन्द्र नायक
पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
महेश नायक
जिला उपाध्यक्ष
कांग्रेस कमेटी, सारंगढ़-बिलाईगढ़

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
थाना प्रभारी
बरमकेला एवं समस्त स्टाफगण

15- AUG RGH PAGE-2 EXTRA_Layout 1 8/13/2026 11:32 PM Page 1

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

15 अगस्त
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
रेशम विभाग, रायगढ़
समस्त स्टाफगण रायगढ़

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
बीज प्रक्रिया केन्द्र
रायगढ़

15 अगस्त
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
जिला खाद्य अधिकारी
रायगढ़ छ.ग.

15 अगस्त
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
जिला मुख्य स्वास्थय अधिकारी
एवं समस्त स्टाफगण रायगढ़ छ.ग.

15 अगस्त
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग
रायगढ़ छ.ग.

15 अगस्त
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
जल संसाधन विभाग
समस्त स्टाफगण रायगढ़ छ.ग.

15 अगस्त
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
उपसंचालक कृषि विभाग
रायगढ़ छ.ग.

15 अगस्त
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
जिला परिवहन अधिकारी
परिवहन विभाग रायगढ़ छ.ग.

15- AUG RGH PAGE-3 EXTRA_Layout 1 8/13/2026 11:33 PM Page 1

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



















15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

15- AUG RGH PAGE-4 EXTRA_Layout 1 8/13/2026 11:34 PM Page 1

15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
बिमला इंफ्रास्ट्रक्चर
इंडिया प्राइवेट लिमिटेड भूपदेवपुर रायगढ़

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सिंघल इंटरप्राईजेज
प्रो. तराईमल, जिला रायगढ़

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मां शाकाम्बरी स्टील लिमिटेड
हमीरपुर रोड सम्बलपुरी, जिला रायगढ़ छ.ग.

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
एमएसपी स्टील एण्ड पॉवर लिमिटेड
जामगांव, रायगढ़ छ.ग.

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
इण्ड सिनर्जी लिमिटेड
पोस्ट कोटमार जिला रायगढ़ छ.ग.

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अनूप बंसल
अनूप रोड कैरियर जिंदल रोड,
रायगढ़ छ.ग.

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संजय अग्रवाल
एनआर ग्रुप, रायगढ़ छ.ग.